
# सागवाडा लाईव न्यूज़



**सुचना-**
विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497
हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।

**डिजिटल अंक** | Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh

सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 02 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

8 अक्टूबर 2025 बुधवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक २८ | ● पृष्ठ ०२ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in


## विधायक सागवाड़ा शंकर लाल डेचा ने आरयूआईडीपी कार्यों का किया निरीक्षण

### गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश,धीमी गति कार्य पर जताया रोष






सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर, 7 अक्टूबर। सागवाड़ा विधायक श्री शंकर लाल डेचा ने मंगलवार को नगर पालिका सागवाड़ा क्षेत्र में चल रहें आरयूआईडीपी कार्यों का निरीक्षण किया तथा धीमी गति से चल रहें कार्य पर रोष जताते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण और त्वरित गति से करने के निर्देश दिए। स्वायत्त शासन और नागरिक विकास मंत्री के सागवाड़ा प्रवास के दौरान सागवाड़ा नगर पालिका के लोगों द्वारा शहर में चल रहें आरयूआईडीपी के कार्य सीवीरेज और पाइप के पानी की लाइन में घटिया निर्माण और धीमी गति से कार्य से होने वाली समस्याओं को लेकर परिवेदना से अवगत करवाया था। मंत्री द्वारा विधायक और अध्यक्ष द्वारा मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट करने को निर्देश दिए थे। निर्देशों के अनुपालना में सागवाड़ा विधायक श्री डेचा ने विभाग के अधिकारियों, नगर के जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य में गुणवत्ता की कमी, धीमी गति से कार्य होने तथा बिना तकनीकी निरीक्षण के कार्य होने से नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने तथा कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही किए गए निरीक्षण और वस्तु स्थिति से स्वायत्त शासन और नागरिक विकास मंत्री को भी अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री शंकरलाल डेचा, समाजसेवी यशवंत गवारिया, नगरपालिका अध्यक्ष आशीष गांधी जयंतीलाल मोची, नानालाल दर्जी, विजयकुमार जैन, हेमंत दादा पाठक, तहसीलदार रमेश वधेरा विभाग के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता भी मौजूद रहें।




## पिएम श्री महीपाल स्कुल मे विज्ञान मेले का आयोजन

### 120 प्रतियोगियों ने भाग लिया

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ स्थानीय पीएमश्री महिपाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सागवाड़ा में राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर के दिशा निर्देशानुसार विद्यालय स्तरीय विज्ञान मेला पीटीए अध्यक्ष उमाकांत व्यास की अध्यक्षता राजेश पाटीदार प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय योगेंद्रगिरी सागवाड़ा के मुख्यआतिथ्य एवं वेलचंद पाटीदार प्रधानाचार्य, मुकेश भावसार उप प्रधानाचार्य, तहसीन रजा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम के प्रारंभ में बेलचंद पाटीदार ने अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया इस अवसर पर उमाकांत व्यास ने कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ ही 21वीं सदी में आने वाली चुनौतियों से सामना करने हेतु हमें कृषि ,पर्यावरण ,प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी के क्षेत्र में अनुसंधान हेतु बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहन करना होगा । मेला संयोजक नीति दीक्षित ने बताया कि विज्ञान मेले का मुख्य विषय विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के लिए विज्ञान ,प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी एवं गणित था जिसके अंतर्गत प्रादर्श प्रतियोगिता ,सेमिनार प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ प्रादर्श प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग कक्षा 9 से 12 व जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने विभिन्न 8 उप विषयों में मॉडल प्रस्तुत किए साथ ही क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। 120 प्रतियोगियों ने भाग लिया इस अवसर पर नेहल पाटीदार ,भरत भागरिया ,स्टाफ काउंसिल अध्यक्ष पियूषचंद्र पुरोहित ,अवनीश पचाल रंजना पाटीदार, उमेश पाटीदार रतनलाल रबारी ,चंद्रकांता सिंधी उपेंद्र भट्ट , चिन्मय सोमपुरा ,देवेंद्र कुमार भट्ट ,किशोर कुमार सुथार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक विनोद कुमार पंड्या ने किया आभार मेला प्रभारी सुंदरलाल प्राध्यापक ने माना।

## महिलाओ को परियोजना की दी जानकारी

### जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया




**सागवाड़ा लाईव न्यूज़**

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी परियोजना की जानकारी मंगलवार को अलीपुरा मे दी गयी। आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियन्ता हंसराज मीणा व सहायक अभियन्ता अनिल पाटीदार व विजय पाल रोत के निर्देशन मे आरयूआईडीपी परियोजना से होने वाले विकास कार्यो से लाभों के बारें मे, परियोजना कार्य के दौरान आमजन का सहयोग, महिलाओं की भूमिका, व्यक्तिगत स्वास्थ्य शिक्षा तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आयोजित की गई। परियोजना कार्यो में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आरयूआईडीपी की सामुदायिक जागरूकता व जन-सहभागिता इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किये जाते हैं। इस कार्यक्रम के तहत मंगलवार को अलीपुरा मोहल्ला वार्ड संख्या 16 मे महिलाओं के साथ बैठक की गई। सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता इकाई के सामाजिक विकास विशेषज्ञ सुजीत शरण ने बैठक के दौरान बताया कि आरयूआईडीपी के माध्यम से जलापूर्ति व सीवर लाईन डालने का कार्य प्रगति पर हैं, उन्होंने जलप्रदाय योजना एवं सीवरेज कार्य से होने वाले लाभों के बारें में जानकारी दी। महिलाओं को जानकारी देते हुए कहा कि नई जल प्रदाय योजना के अर्न्तगत पानी निरन्तर एंव पूर्ण प्रेशर के साथ मिलेगा। साथ ही अपील कि पानी को किसी भी तरह से बर्बाद न करें। सीवरेज से होने वाले लाभो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गन्दगी नही होगी, नालियां सुख जाएगी, मच्छर मक्खी में कमी आएगी। गन्दगी व अस्वच्छ जल से होने वाली बीमारियों मे कमी आयेगी। शहर साफ व स्वच्छ रहेगा जिससे पर्यावरण सही होगा। उन्होने घरेलू सीवर कनेक्शन तथा नये जल कनेक्शन मे पूर्ण सहयोग करने तथा सीवर कनेक्शन मे वर्षा जल को नही जोडने की अपील की। सहायक सामाजिक विकास विशेषज्ञ माया पाटीदार ने लोगंां से कार्य स्थल पर सुरक्षा निर्देश की पालना करने की अपील की उन्होने कहा कि कार्य स्थल के पास छोटे बच्चे, वृद्ध व पालतू पशु को न जाने दे। कार्य के दौरान आमजन को कुछ समय के लिए असुविधा हो सकती हैं लेकिन बेहतरीन सुविधा के लिए आपके सहयोग आवश्यक है। संवेदक के सोशल आउटरीच टीम के अनम आरा व अर्पिता ने बैठक के आयोजन महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## राज्य स्तरीय विशेष योग्यजन पुरस्कार योजना में सम्मानित के लिए आवेदन आमंत्रित

**संवाददाता** | सागवाड़ा लाईव न्यूज़

निदेशालय विशेष योग्यजन राजस्थान जयपुर द्वारा दिव्यांगजन व्यक्तियो हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार 2025 सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजन के क्षेत्र में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों, संस्थाओं कार्यालयों में नीचे वर्णित श्रेणियों में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन के अवसर पर इस वर्ष में 03 दिसम्बर 2025 को राज्य स्तरीय विशेष योग्यजन पुरस्कार योजना में सम्मानित करने हेतु पुरस्कार योजना में प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। पुरस्कार के लिए श्रेणी -सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजन व्यक्ति-विशेष योग्यजन व्यक्ति जिन्होने उत्कृष्ठ कार्य कर अन्य विशेष योग्यजनों के लिए उदाहरण साबित हुए हो जैसे कर्मचारी सर्वश्रेष्ठ, खिलाड़ी, रॉल मॉडल एवं अन्य सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले विशेष योग्यजन आवेदन कर सकते है। विशेष योग्यजन के क्षेत्र में कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति, स्वयंसेवी संस्था, कार्यालय, एजेन्सियों एवं अन्य जैसे व्यक्ति, स्वयंसेवी संस्था, कार्यालय, आवेदक अपने जिले के जिलाधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय में सम्पर्क कर अपनी पात्रतानुसार निर्धारित प्रारुप में अपना आवेदन भरकर एवं समस्त दस्तावेज संलग्न कर 17 अक्टूबर 2025 तक या इससे पुर्व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग डूंगरपुर को प्रस्तुत करे, इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

## मरम्मत कार्य के चलते कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**संवाददाता** | सागवाड़ा लाईव न्यूज़

**Indergarh-** सागवाड़ा विधुत वितरण निगम की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 08 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) को आवश्यक माइक्रो फीडर एवं जीएसएस मरम्मत कार्य के चलते कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। माइक्रो फीडर मरम्मत कार्य के कारण सागवाड़ा क्षेत्र के माखन खोता, काली घाटी, सरोद मोड़, मरमुरी और गैस गोदाम क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी। इसी प्रकार, भीलूड़ा जीएसएस पर मरम्मत कार्य होने से भीलूड़ा जीएसएस से जुड़े सभी गांवों सहित 11 केवी दिवड़ा छोटा, सुरमना और बीजावाड़ा फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अवधि में आवश्यक कार्यों के लिए पूर्व तैयारियां कर लें तथा सहयोग बनाए रखें। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल कर दी जाएगी।

## उधारी की थाली: मध्यान्ह भोजन व कुक-कम-हेल्पर का तीन माह का मानदेय बकाया, दिवाली से पूर्व भुगतान की मांग



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा आसपुर कि मासिक बैठक राजस्थान पेंशनर भवन आसपुर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण भूपतावत कि अध्यक्षता व जिला मंत्री सुदर्शनसिंह कि मुख्य आतिथ्य में भारतसिंह राणावत के विशिष्ट अतिथ्य में सम्पन्न हुई! मंत्री प्रेमसिंह सिसोदिया व मिड़िया प्रभारी देवानंद उपाध्याय ने बताया कि बैठक में स्थाईकरण सहित शिक्षकों की विभिन्न समस्याओ पर मंथन कर समाधान की रणनीति बनाई! मध्यान्ह भोजन एवं कुक कम हेल्पर की सितंबर माह तक की बकाया राशि के दिवाली से पूर्व भुगतान की मांग की जिला कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का अभिनंदन किया गया एवं उपशाखा के विभिन्न पदों पर मनोनयन किया जिसमे प्रधानाचार्य प्रतिनिधि लालसिंह अहाड़ा, वरिष्ठ अध्यापक प्रतिनिधि चंद्रकांत सेवक, सह संगठन मंत्री हितेश उपाध्याय, महिला सदस्य शुभलक्ष्मी चौहान , पुस्तकालाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, और शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि यशपालसिंह बने । कार्यकारिणी द्वारा इस वर्ष बांसवाड़ा संभाग में प्रांतीय अधिवेशन होने पर सहयोगार्थ राशि एकत्रित करने हेतु शिक्षकों से सहयोग का आह्वान किया | इस अवसर पर नरेंद्रसिंह, चंद्रवीरसिंह,गिरिराज अहाड़ा, भूपेंद्र उपाध्याय करणसिंह चौहान, महेन्द्रसिंह चौहान, गर्जेद्रसिंह सिसोदिया , रौनक पंड्या, जयपालसिंह बादाम सिंह पडियार कुलदीप सालरिया आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## कुएं पर पानी लेने गए नाबालिग की डूबने से मौत: पैर फिसलने से हुआ हादसा, परिजनों ने पोस्टमार्टम से इनकार किया




सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के कलाल घाटा में 15 साल के एक बालक की कुएं में डूबने से मौत हो गई। मौसी के घर रहकर वह 9वीं कक्षा में पढ़ाई करता था। पैर फिसलने से वह कुएं में गिरा। चप्पलें तैरती देख लोगों ने ढूंढा तो शव मिला। घटना को लेकर परिजनों ने पोस्टमॉर्टम से भी इनकार कर दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र में कलाल घाटा में हादसा हुआ। वरदा थाना क्षेत्र के हिराता माली फला निवासी निलेश (15) पुत्र रामलाल ननोमा कलाल घाटा में अपनी मौसी धुली पत्नी मनजी के घर रहता था। वह डूंगरपुर शहर में नवाडेरा स्कूल में पढ़ता था। निलेश घर के पास ही एक कुएं पर पानी लेने गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया। जिससे वह कुएं में जा गिरा। डूबने से निलेश की मौत हो गई। काफी देर तक वह वापस घर नहीं आया तो परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन की। इस दौरान कुएं में उसके चप्पल तैरती देख परिवार के लोगो ने कुएं में उसकी खोजबीन शुरू की। कुएं से उसका शव निकाला गया। इसके बाद शव को डूंगरपुर अस्पताल के मॉर्च्यूरी में रखवाया। जहां परिजनों ने पोस्टमॉर्टम से इनकार कर दिया। मृतक निलेश के एक बड़ा भाई और एक बड़ी बहन भी है।

## धूमधाम से मनाई गई वाल्मीकि ऋषि जयंती
## शिक्षित समाज से ही स्वास्थ्य और रोजगार सुधरेंगे – अच्युतानंद महाराज



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ एकलव्य भील सेवा संस्थान के तत्वावधान में मंगलवार को वाल्मीकि ऋषि जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। आयोजन की अगुवाई समाज अध्यक्ष महिपाल अहारी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत तहसील कार्यालय के पीछे स्थित वाल्मीकि ऋषि मंदिर परिसर से निकले विशाल जुलूस से हुई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरा। नगर के विभिन्न मोहल्लों और समाजों ने स्वागत द्वार बनाकर जुलूस का स्वागत किया। पूरे नगर में भगवान वाल्मीकि के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। जुलूस में सबसे आगे भगवान वाल्मीकि ऋषि की तस्वीरों से सजी झांकी थी, जिसके पीछे समाज की भजन मंडलियां कीर्तन करते हुए चल रही थीं। इसके बाद बग्गी में बेणेश्वर धाम के महंत 1008 श्री अच्युतानंद जी महाराज विराजमान थे। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं, जिन्होंने भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय बना दिया। जुलूस लोहारिया तालाब स्थित वाल्मीकि मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ, जहां मंदिर समिति की ओर से अतिथियों का विधिवत स्वागत किया गया। समाज अध्यक्ष महिपाल अहारी ने स्वागत उद्बोधन दिया, वहीं मंदिर समिति के लालशंकर कटारा ने समिति की ओर से अतिथियों का अभिनंदन किया। अपने प्रेरक उद्बोधन में अच्युतानंद महाराज ने कहा "यदि समाज शिक्षित होगा, तो स्वास्थ्य और रोजगार अपने आप सुधर जाएंगे। शिक्षा ही हर क्षेत्र के विकास की कुंजी है। धर्म के मार्ग पर चलकर ही समाज सशक्त बन सकता है।" कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं को अच्युतानंद महाराज के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी इस बार डिंडोरवाड़ा मोहल्ले की रही। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, पूर्व और वर्तमान कमेटी सदस्य, सलाहकार एवं समाजबंधु — रमण मालीवाड़, विमलप्रकाश डेंडोर, शंकरलाल अहारी, थावरचंद अहारी, रमेश अहारी, पन्नालाल खाट, लालजी डामोर, शंकरलाल सोलंकी, कांतिलाल डामोर, रमेश डेंडोर, हीरालाल कटारा, शंकरलाल गुदा, गैबा कटारा, धनुभाई मईडा सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन निशांत डेंडोर एवं जितेंद्र अहारी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन वासुदेव डेंडोर (डिंडोरवाड़ा मोहल्ला) ने किया।




# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पीठ में जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ

## "खेल से प्रतिभा निखरती है" : कारीलाल ननोमा





सीमलवाड़ा। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पीठ में मंगलवार को जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक प्रत्याशी एवं सीमलवाड़ा प्रधान कारीलाल ननोमा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रणछोड़ लाल डामोर ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री ईश्वरलाल लबाना, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हमराज सिंह चौहान सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। कारीलाल ननोमा ने कहा कि खेल से प्रतिभा निखरती है, इसलिए प्रत्येक बालिका को खेलों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने पीठ की सलारेश्वर महादेव की भूमि से सभी प्रतिभागियों की सफलता की कामना की। ईश्वरलाल लबाना ने खेल को खेल की भावना से खेलने व निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया।प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, साइकिल दौड़, जूडो सहित एकल व सामूहिक नृत्य, समूह गीत, फैंसी ड्रेस, नाटक व कविता पाठ जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। निर्णायक रमेश लबाना के अनुसार कुल 592 बालिकाएँ (सीनियर वर्ग 305 व जूनियर वर्ग 287) प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। कार्यक्रम का संचालन रमेश लबाना व पीयूष जैन ने किया तथा जानकारी हर्षवर्धन सिंह चौहान व हेमंत कलाल ने दी।

## धम्बोला में गोवर्धननाथ मंदिर पर शरद पूर्णिमा रासोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

### वैष्णव रास के मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य, दूध-पोहे का प्रसाद वितरण



गुणवंत कलाल

सीमलवाड़ा। धम्बोला कस्बे के प्रसिद्ध गोवर्धननाथ मंदिर परिसर में रविवार रात शरद पूर्णिमा रासोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में किया गया। चाँदनी रात में मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर हो उठा। भगवान श्री गोवर्धननाथ को श्वेत वस्त्रों और आभूषणों से अलंकृत कर चंद्रकिरणों के बीच विशेष सजावट की गई, जिसने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भजन संध्या और पद गान से हुई, जिसका गायन भजनकार अरुण पंड्या ने किया। इसके बाद गरबा रास और वैष्णव रास का आयोजन हुआ, जिसे नीलकंठ ने पारंपरिक शैली में प्रस्तुत करवाया। रासलीला के मनोहारी दृश्य और मधुर संगीत से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रासोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। देर रात तक चले इस आयोजन में भक्तों ने भगवान के दरबार में नृत्य, भजन और गरबा के माध्यम से अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में भक्तों को दूध-पोहे का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे सभी ने श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया। इस अवसर पर जगदीश बंशीधर पंड्या ने मंदिर विकास हेतु 25 हजार रुपए तथा चेतना रजनीकांत पंड्या ने भी 25 हजार रुपए की राशि भेंट की। उनकी इस आस्था और योगदान के लिए मंदिर समिति एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने आभार व्यक्त किया।रात्रि में गोवर्धन नाथ मंदिर का प्रांगण दीपों और चाँदनी की मनोहारी छटा से आलोकित रहा। श्रद्धालु "श्रीजी जय जयकारा, गोवर्धनधारी हारा!" के जयघोष के साथ भक्ति में लीन रहे। शरद पूर्णिमा की चाँदनी में भक्ति, संगीत और रास का अनुपम संगम देखने को मिला धम्बोला के गोवर्धननाथ मंदिर में।

## चोरी के मामले में वांछित आरोपी गोपाल उर्फ गोपालकृष्ण गिरफ्तार



सागवाड़ा लाईव न्यूज/ गुणवंत कलाल-सीमलवाड़ा। चौरासी थाना पुलिस ने चोरी के एक पुराने मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मामला थाना क्षेत्र के गांव गैजी घाटा विकासनगर का है, जहां फरवरी माह में वृद्ध दंपति के घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने सोना-चांदी के जेवर, नकदी और मोबाइल की चोरी कर ली थी। दिनांक 02 फरवरी की रात लगभग 1 बजे प्रार्थी रूपा पुत्र हाजा रोत (उम्र 60 वर्ष), निवासी गैजी घाटा विकासनगर, थाना चौरासी ने थाने में रिपोर्ट दी थी कि वह अपने खेत में गेहूं की रखवाली करने गया हुआ था। इस दौरान उसकी पत्नी नाथी देवी घर के पड़साल में सो रही थी। तभी कुछ अज्ञात बदमाश, जिनके चेहरों पर कपड़ा बंधा हुआ था, घर में घुस आए और सोना-चांदी के जेवर, एक कीपैड मोबाइल तथा लगभग 14 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। प्रार्थी ने बताया कि उनके कोई संतान नहीं है और वे दोनों पति-पत्नी अकेले ही घर में रहते हैं। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने मामले में त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा के निर्देशन में और वृत्ताधिकारी सीमलवाड़ा राजकुमार राजोरा के सुपरविजन में थाना प्रभारी रमेश कटारा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान एक बाल अपचारी को पहले ही निरुद्ध कर न्यायालय में पेश किया जा चुका था। वहीं इस प्रकरण में वांछित चल रहा आरोपी गोपाल उर्फ गोपालकृष्ण पुत्र कान्तिलाल डामोर निवासी नवाघरा गैजी, थाना चौरासी, जिला डूंगरपुर अन्य प्रकरण संख्या 107/2025 थाना रामसागड़ा में गिरफ्तार होकर जिला कारागृह डूंगरपुर में न्यायिक हिरासत में था। इस पर न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर जेल से प्राप्त कर पूछताछ की गई, जिसमें उसके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे न्यायालय में पेश किया गया। वर्तमान में आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में है और आगे की जांच जारी है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी रमेश कटारा, सहायक उप निरीक्षक छतर सिंह, वीरमल, ईश्वरलाल, लोकेश, दिनेश शामिल हैं।

सागवाड़ा लाईव न्यूज़ **घटना का खुलासा—पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुद कबूला जुर्म**

# पत्नी की हत्या कर शव को दुकान के तहखाने में दफनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

● गुणवंत कलाल

सीमलवाड़ा। पत्नी की हत्या कर शव को दुकान के नीचे बने तहखाने में दफनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह सनसनीखेज मामला थाना चौरासी क्षेत्र के सुराता गांव का है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 03 अक्टूबर को प्रार्थी कांतिलाल पुत्र रामजी ननोमा निवासी खेड़ा सामोर, थाना दोवड़ा ने थाने में एक लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया कि उसकी पुत्री चेतना ननोमा का विवाह वर्ष 2017 में सुराता निवासी अरविंद पुत्र कारीलाल रोत के साथ सामाजिक रीति-रिवाजों से हुआ था। विवाह के बाद से ही चेतना को उसके पति अरविंद सहित ससुराल पक्ष के अन्य सदस्य कारीलाल, धनपाल, मीरा पत्नी धनपाल, मोहनलाल एवं चंद्रिका (ननद) आए दिन झगड़ा-मारपीट कर परेशान करते थे। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि अब उसे सूचना मिली है कि उसकी बेटी की हत्या कर उसके शव को घर के अंदर जमीन में दफनाया गया है। इस पर पुलिस ने गंभीरता से मामला दर्ज कर त्वरित जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने तुरंत कार्यवाही के आदेश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा के निर्देशन और वृत्ताधिकारी सीमलवाड़ा राजकुमार राजोरा के सुपरविजन में थाना प्रभारी रमेश कटारा, जांच अधिकारी उप निरीक्षक मणिलाल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अरविंद पुत्र कारीलाल रोत निवासी सुराता, थाना चौरासी को डिटेन कर गहन पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि दिनांक 27 सितंबर की रात करीब साढ़े दस बजे पत्नी चेतना के साथ झगड़ा होने पर उसने गुस्से में आकर रस्सी का फंदा डालकर उसकी हत्या कर दी।



चौरासी पुलिस की गिरफ्त में आरोपी अरविंद।


हत्या के बाद आरोपी ने 29 सितंबर की रात करीब 1 बजे, अपनी दुकान के नीचे बने तहखाने (तलघर) में गड्ढा खोदकर पत्नी का शव वहां दफना दिया। आरोपी ने बताया कि शव पर नमक और मिट्टी डालकर उसे ढक दिया ताकि किसी को शक न हो। इस जघन्य हत्या प्रकरण से क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए दोषियों को सख्त सजा दिलाने की मांग की है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी रमेश कटारा, जांच अधिकारी उप निरीक्षक मणिलाल, सहायक उप निरीक्षक छतर सिंह, हैड कांस्टेबल ईश्वरलाल, खुशपाल सिंह,जिर्तेंद्र, अनिल, कालूराम, पप्पू कुमार ओर विपुल शमिल है।

## जयपुर-अजमेर हाइवे पर दर्दनाक हादसा:

### गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में लगी भीषण आग, तेज धमाकों से दहला इलाका

जयपुर। राजधानी जयपुर के महला इलाके में बुधवार देर रात एक भयावह हादसा हुआ। जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर सावरदा पुलिया के पास गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते ट्रक में भरे सिलेंडर एक-एक कर तेज धमाकों के साथ फटने लगे, जिससे आसपास का इलाका दहल उठा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब अजमेर से जयपुर की ओर जा रहा एक ट्रेलर, सड़क किनारे महादेव होटल के पास खड़े सिलेंडर से भरे ट्रक से पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में आग भड़क उठी। चंद ही मिनटों में ट्रक आग का गोला बन गया और सिलेंडरों में विस्फोट शुरू हो गए। मौखमपुरा थाना पुलिस, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। सुरक्षा कारणों से हाइवे के दोनों ओर यातायात रोक दिया गया। आग की लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं, जबकि सिलेंडरों के फटने की आवाज कई किलोमीटर तक सुनाई दी। टक्कर के बाद ट्रक ड्राइवर बाहर नहीं निकल सका और मौके पर ही जिंदा जल गया। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। राहत दल ने आग पर काबू पाने की कोशिशें तेज कर दी हैं, लेकिन सिलेंडरों के लगातार फटने से मुश्किलें बढ़ी हुई हैं। घटना पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्य में पूरी तत्परता बरतने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि "यह अत्यंत दुखद घटना है, पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता दी जाएगी।" उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी जयपुर से मौके के लिए रवाना हो चुके है। महला इलाके का गिदानी क्षेत्र, महादेव होटल के पास — जयपुर-अजमेर राजमार्ग, सावरदा पुलिया के समीप। सिलेंडर अभी भी बीच-बीच में फट रहे हैं। फायर ब्रिगेड की कई टीमें आग पर काबू पाने में जुटी हैं। इलाके को पूरी तरह सील कर दिया गया है।

## पीठ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य परंपरा के अवतरण दिवस पर पूजन-आरती संपन्न, विजयमति वुमेन्स फेडरेशन के निर्देशन में महिलाओं ने किया धार्मिक आयोजन



पीठ जैन मंदिर में अवतरण दिवस मनाते हुए

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ गुणवंत कलाल- सीमलवाड़ा। पीठ कस्बे के दिगंबर जैन मंदिर में मंगलवार को विजयमति वुमेन्स फेडरेशन के निर्देशन में जैन समाज के पूज्य आचार्यगण आचार्य सुनील सागर जी, आचार्य विद्यासागर जी, नवाचार्य समय सागर जी तथा गणिनी आर्यिका ज्ञानमति माताजी के अवतरण दिवस के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति से पूजन-आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या उपस्थित रही। महिलाओं ने मंगलाचरण, भक्ति गीत और जयकारों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद सामूहिक रूप से आचार्य परंपरा के चित्रों का अभिषेक, पुष्प अर्पण, धूप-दीप पूजन एवं आरती की गई। मंदिर प्रांगण में "जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्मः" के जयघोष गूंज उठे। आयोजन की अध्यक्षता राजकुमार डेचिया ने की। उन्होंने बताया कि जैन आचार्य परंपरा आत्मज्ञान, संयम और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना और एकता का संदेश देते हैं। इस अवसर पर जलकांता शाह, इंदु कोठारी, जीवनलता, शकुंतला, चंदा, लता डैचिया, छाया, प्रियंका, पिंकी, पिनल, शीतल, रंजना भूता, स्मिता, और कोशांबी डैचिया सहित फेडरेशन की अनेक सदस्याएँ उपस्थित रहीं। सभी ने आरती में भाग लेकर अपनी श्रद्धा प्रकट की।मंदिर परिसर में वातावरण भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और आचार्यगण के मंगल आशीर्वाद के साथ हुआ।